

# विराट के तूफान में उड़ा गुजरात



## साई सुदर्शन का शतक

**बेंगलुरु, 24 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 34वें मुकाबला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से 7 गेंद शेष रहते हुए जीत दिला दी. बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को हुए इस मुकाबले में गुजरात ने पहले खेलते हुए साई सुदर्शन के शतक की बदौलत 205/3 का स्कोर बनाया था.**

जवाब में बेंगलुरु की टीम ने 7 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की. इस मुकाबले में आरसीबी की जीत के सबसे बड़े हीरो विराट कोहली रहे, जिन्हें देवदत्त पडिक्कल का साथ मिला. वहीं एक समय जब आरसीबी की टीम फंस गई थी, तो क्रुणाल पंड्या और टिम डेविड ने अंत तक टिककर अपनी टीम को जीत दिलाकर ही वापस लौटे. इस जीत के साथ आरसीबी की टीम 7 मैचों में 5 जीत और 2 हार के साथ पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है.

रनचेज में बेंगलुरु को पहला झटका जैकब बेथेल के रूप में लगा, इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने संभलकर खेलना शुरू किया और जब मौका आया तेजी से बल्लेबाजी की. जब आरसीबी का स्कोर 141 था तो राशिद खान ने इसी स्कोर पर देवदत्त पडिक्कल (55) को आउट कर दिया. कुछ देर बाद ही कोहली भी जेसन होल्डर की गेंद पर आउट हो गए. कोहली ने 44 गेंदों पर 81 रनों की पारी खेली.

वहीं इस मुकाबले में गुजरात के ओपनर्स शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार शुरुआत की. साई सुदर्शन ने 100 रन की पारी खेली.

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात बल्लेबाजी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन | 100 | 58 | 11 | 5 |
| शुभमन गिल | 32 | 24 | 2 | 1 |
| जोस बटलर | 25 | 16 | 2 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर* | 19 | 12 | 1 | 1 |
| जेसन होल्डर* | 23 | 10 | 1 | 2 |

**अतिरिक्त** 6, **कुल** 20 ओवर में 205-3

**बेंगलुरु गेंदबाजी-** भुवनेश्वर कुमार-4-0-31-1, जोश हेजलवुड-4-0-40-1, रसिख दार-3-0-28-0, क्रुणाल पंड्या-4-0-50-0, रोमारियो शेफर्ड-1-0-17-0, सुयश शर्मा -4-0-36-1

| बेंगलुरु बल्लेबाजी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जैकब बेथेल | 14 | 10 | 3 | 0 |
| विराट कोहली | 81 | 44 | 8 | 4 |
| देवदत्त पडिक्कल | 55 | 27 | 2 | 6 |
| रजत पाटीदार | 8 | 5 | 0 | 1 |
| जितेश शर्मा | 10 | 6 | 1 | 1 |
| टिम डेविड* | 10 | 9 | 0 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या* | 23 | 12 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त** 5, **कुल** 18.5 ओवर में 206-5

**गुजरात गेंदबाजी-** मोहम्मद सिराज-3-0-25-1,कगिसो रबाडा-4-0-45-0, जेसन होल्डर-3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा-2-0-31-0, राशिद खान -4-0-49-2, मानव सुथार-2-0-19-1

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | +1.42 |
| 2. | आरसीबी | 7 | 5 | 2 | | 8 | +1.10 |
| 3. | आरआर | 7 | 5 | 2 | | 8 | +0.79 |
| 4. | हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | | 8 | +0.82 |
| 5. | सीएसके | 7 | 3 | 4 | | 6 | +0.11 |
| 6. | डीसी | 6 | 3 | 3 | | 6 | -0.13 |

## ऑरेंज कैप दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंचे सैमसन

**मुम्बई.** मुम्बई के खिलाफ 101 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंच गये है. वहीं उसके साथी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर से पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. संजू सैमसन ने इस सीज़न लगे चार में से दो शतक लगाए हैं और उनके नाम 293 रन हो चुके हैं. सनराइजर्स हैदराबाद की जोड़ी अभिषेक शर्मा (323 रन) और हाइनरिक क्लासन (320 रन) अब भी शीर्ष दो में हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार की रात होने वाले मैच के बाद ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो सकता है.

# भारत की वंशिका-सीजल का शानदार प्रदर्शन

## जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण-रजत

**241.3 अंक के साथ वंशिका ने जीता स्वर्ण**

**239.6 अंक के साथ सीजल ने जीता रजत**



**काहिरा. काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की.**

जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में वंशिका चौधरी और सीजल कांबले ने बेहतरीन निशानेबाजी करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए. वंशिका ने फाइनल में 241.3 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि सीजल ने 239.6 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया. इस जीत के साथ भारत ने प्रतियोगिता में अपना तीसरा डबल पोडियम फिनिश दर्ज किया और पदक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली. कनक पदक जीतने से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन उनका प्रदर्शन भी काफी मजबूत रहा.

> इस स्पर्धा में चीन ताइपे की लियाओ के रोंग ने 218.3 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता. फाइनल 24 शॉट्स का रहा, जिसमें शुरुआत में भारतीय खिलाड़ियों की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन बाद के राउंड्स में दोनों निशानेबाजों ने शानदार वापसी करते हुए बढ़त बना ली. क्वालिफिकेशन राउंड में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला, जहां वंशिका ने 579, सीजल ने 577 और कनक ने 576 अंकों के साथ शीर्ष तीन स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी. यह प्रदर्शन भारत की गहरी प्रतिभा और निरंतर प्रगति को दर्शाता है.

# अक्षय शर्मा ने 5 साल बाद जीता खिताब

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैम्पियनशिप में बनाया शानदार स्कोर




**नूंह (हरियाणा), 24 अप्रैल चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा ने आठ अंडर 64 का बिना किसी बोगी का शानदार स्कोर बनाकर हरियाणा के नूंह स्थित क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपये इनामी राशि वाले डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया. यह उनका तीसरा डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई खिताब है.**

35 वर्षीय अक्षय (70-65-70-64) ने कुल 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ एक शॉट के करीबी अंतर से जीत दर्ज की. इस जीत के साथ उन्होंने 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 37,12,575 रुपये की कुल कमाई के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए. यह जीत उन्हें पांच साल से अधिक समय बाद मिली. इससे पहले उन्होंने नवंबर 2020 में पंचकुला गोल्फ क्लब में अपना पिछला खिताब जीता था, जो उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के दौर का परिणाम रहा. गुरुग्राम के ध्रुव श्योरण (69-66-66-69), जो पिछले दिन के लीडर थे, अंतिम राउंड की शुरुआत तीन शॉट की बढ़त के साथ करने के बावजूद कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे.

### एक नजर में

## एसएलसी के खिलाफ दायर मुकदमा लिया वापस



**कोलंबो.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इंकार करने पर तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के खिलाफ दायर किये गये अपने मुकदमे को वापस ले लिया है. तुषारा ने कोलंबो जिला न्यायालय को बताया कि वह अपना केस वापस लेना चाहते हैं, क्योंकि आईपीएल का बड़ा हिस्सा अब तक खेला जा चुका है. जिसके बाद कल न्यायालय इसे खारिज कर दिया. उन्होंने पिछले हफ्ते एसएलसी को लिखित माफीनामा भी भेजा था और मुकदमा वापस लेने की इच्छा जताई थी. तुषारा इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) का हिस्सा हैं, लेकिन 31 साल के इस गेंदबाज की जगह अब तक किसी रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं हुआ है. अपने शुरुआती कोर्ट आवेदन में तुषारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा भी जताई थी. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वह फ़ैसला बरकरार है या नहीं.

## लॉस एंजेलिस स्टेडियम में आईपीएल का प्रस्ताव

**कैलिफ़ोर्निया.** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कार्यकारी वेंकी मैसूर का कहना है कि लॉस एंजेलिस 2028 के लिए बनने वाला ओलंपिक क्रिकेट स्टेडियम भविष्य में अपने वैश्विक विस्तार योजनाओं के तहत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीमों की मेज़बानी कर सकता है. गेम्स में क्रिकेट की वापसी की तैयारी के तौर पर, दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के पोमोना शहर में





फेयरग्राउंड्स (जिसे आधिकारिक तौर पर फेयरप्लेक्स के नाम से जाना जाता है) में अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है. यह स्टेडियम केकेआर की यूएस फ्रेंचाइजी, लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान बन जाएगा और इस जुलाई में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के मैचों की मेज़बानी करेगा. यह तीन चरणों में बनाया जाने वाला एक मॉड्यूलर स्टेडियम होगा, जिसकी क्षमता इस साल 5,000 प्रशंसकों की होगी, जो 2027 में बढ़कर 8,500 हो जाएगी, और फिर लॉस एंजेलिस 2028 के लिए छह-टीमों वाले टी20 टूर्नामेंट के लिए 15,000 तक पहुँच जाएगी. मैसूर को यह भी उम्मीद है कि यह मैदान अंततः आईपीएल के प्रदर्शनी मैचों की मेज़बानी कर सकता है, क्योंकि यह प्रतियोगिता संयुक्त राज्य अमेरिका में विस्तार करने की योजना बना रही है. उन्होंने कहा, 'क्या यह शानदार नहीं होगा?' 'चुनौती हमेशा खिलाड़ियों की उपलब्धता होती है. एक बार जब आईपीएल सीजन खत्म हो जाता है, तो सभी का कैलेंडर भरा होता है और वे अलग-अलग दिशाओं में व्यस्त हो जाते हैं.




## मुंबई इंडियंस थीम पर आधारित विमान का अनावरण

**नयी दिल्ली.** मलेशिया एयरलाइंस और मुंबई इंडियंस ने आज एक अनोखे विमान डिज़ाइन का अनावरण किया, जिसमें क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी में से एक के प्रतिष्ठित नीले और सुनहरे रंगों को मलेशिया एयरलाइंस के नीले रंग के साथ आसमान में उतारा गया है. मलेशिया एयरलाइंस के ए330-300 विमान पर अब प्रदर्शित, विशेष रूप से डिज़ाइन की गई यह डिज़ाइन विमान को खेल, संस्कृति और जुड़ाव की एक सशक्त दृश्य अभिव्यक्ति में बदल देती है – मुंबई की भावना को स्टेडियम से परे वैश्विक मंच तक ले जाती है. यह डिज़ाइन दोनों ब्रांडों की विशिष्ट पहचानों को समाहित करती है, जिसमें मुंबई इंडियंस के प्रतीक चिन्ह और उसके प्रतिष्ठित चक्र से निकलने वाली एक गतिशील स्पंदन किरण दिखाई देती है, जो गति और संवेग का प्रतीक है. विमान पर प्रवाहित पैटर्न टीम के बढ़ते वैश्विक प्रशंसक आधार को दर्शाते हैं, जो साझा यात्राओं और अनुभवों के माध्यम से लोगों को जोड़ने वाले एक वैश्विक वाहक के रूप में मलेशिया एयरलाइंस की भूमिका को मजबूत करते हैं.




# मैड्रिड ओपन में सबालेंका तीसरे दौर में, एलिना बाहर

**मैड्रिड, 24 अप्रैल. शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में अपना शुरुआती मैच जीत लिया. उन्होंने पेटन स्टर्न्स को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया.**

सबालेंका को शुरुआती सेट में बढ़त बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरकार वह 6-5 से आगे हो गईं और अगले गेम में सेट अपने नाम कर लिया; वहीं दूसरा सेट उनके लिए काफी आसान रहा. चौथी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को यूक्रेन की डारिया स्निगुर के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में कोई परेशानी नहीं हुई, और उन्होंने 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की. स्विट्जरलैंड की 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक ने भी पेट्रा मार्सिको को 6-4, 6-2 से आसानी से हरा दिया. हालांकि, एक बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब 7वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना हंगरी की अन्ना बोंडार से 6-3, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं; स्वितोलिना अपनी सर्विस को प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने में जूझती नज़र आईं.

> आठवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट हारने के बाद वापसी करने के लिए मजबूर होना पड़ा. हालांकि, उन्होंने जोरदार संघर्ष करते हुए एक कड़े मुकाबले में 3-6, 6-2, 6-4 से जीत हासिल की. 14वीं वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका और 15वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविक ने भी तीसरे दौर में जगह बना ली है.

# डीपीवीएल से होगा खिलाड़ियों का भविष्य तैयार




**नयी दिल्ली, 24 अप्रैल जनवरी में घोषित हुई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का उद्देश्य खिलाड़ियों के लिए ऐसा भविष्य तैयार करना है, जहाँ एथलीट केवल खेलने के लिए ही न खेलें, बल्कि उन्हें पेशेवर विकास, आर्थिक स्थिरता और दीर्घकालिक पहचान भी मिल सके.**

इसके अलावा शहर में वॉलीबॉल प्रतिभाओं के लिए एक संरचित, पेशेवर और टिकाऊ मंच तैयार करना है. इस लीग को दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन और दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है.

डीपीवीएल की तैयारियां पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी नीति रावत और जसौदा गुलिया द्वारा की जा रही हैं, जो पूरी तरह महिला नेतृत्व को बढ़ावा देता है. यह भारत की पहली ऐसी लीग है, जिसे खिलाड़ियों द्वारा, खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है.

> दोनों संस्थापक अपने साथ मैदान का अनुभव और पेशेवर विशेषज्ञता का अनोखा संगम लेकर आई हैं. नीति रावत, जो स्वयं एक पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं, ने स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग और मीडिया में व्यापक अनुभव हासिल किया है. उन्हें स्टोरीटेलिंग, दर्शकों की भागीदारी और टेलीविजन खेलों के व्यावसायिक पहलुओं की गहरी समझ है. उनकी यह विशेषज्ञता भारत में वॉलीबॉल की पहुंच बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी.

# यूएई के कप्तान वसीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना



**दुबई, 24 अप्रैल यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.**

वसीम को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.7 से संबंधित 'स्तर 1' के उल्लंघन का दोषी पाया गया. यह अनुच्छेद 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में हुई घटना, या किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायता कर्मी, मैच अधिकारी या किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में भाग लेने वाली टीम के बारे में सार्वजनिक रूप से आलोचना करने या अनुचित टिप्पणी करने' से संबंधित है, चाहे ऐसी आलोचना या अनुचित टिप्पणी कभी भी की गई हो. यह घटना मंगलवार को कीर्तिपुर में नेपाल के खिलाफ यूएई के दूसरे टी20 मैच के बाद हुई, जब मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वसीम ने कहा कि अंपायरिंग पक्षपातपूर्ण थी.

# ऋतुराज ने एमआई के खिलाफ़ जीत को मुकेश को किया समर्पित



**मुंबई, 24 अप्रैल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ़ अपनी टीम की जीत को मुकेश चौधरी को समर्पित किया है. बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को अपनी मां के निधन के बावजूद टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई.**

मैच के बाद प्रज़ेंटेशन के दौरान गायकवाड़ ने कहा, 'उनके (मुकेश चौधरी) लिए यह काफ़ी मुश्किल वक़्त है. मैं इस जीत को उन्हें समर्पित करना चाहूंगा. ऐसी दुखद स्थिति से निकलकर वापस आना मानसिक रूप से बहुत साहस का काम है. वह टीम के लिए वापस आए क्योंकि वह जानते थे कि हमें उनकी जरूरत है. पूरी कामयाबी उन्हीं के नाम है. हमने पहले भी बात की थी. हम यह मैच जीतना चाहते थे और मुझे खुशी है कि हर किसी ने इसमें अपना योगदान दिया और उनके साथ खड़ा रहा.'

चौधरी ने सीजन का अपना दूसरा मैच खेलते हुए लगातार चार ओवर डाले. उनके 4-0-31-1 के आंकड़ों ने मुंबई को 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 104 रनों पर समेटने में मदद की.

**चुनौती** ▶ जयपुर में हैदराबाद-राजस्थान के बीच हो सकता है हाई स्कोरिंग मुकाबला

# पंजाब दिल्ली भिड़ंत के बाद राजस्थान की हैदराबाद से टक्कर







**नई दिल्ली, 24 अप्रैल इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में आज का दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि एक ही दिन में दो ऐसे हाई-वोल्टेज मुकाबले खेले जाएंगे जो न सिर्फ अंक तालिका की दिशा तय करेंगे, बल्कि पूरे टूर्नामेंट की तस्वीर भी बदल सकते हैं.**

एक तरफ नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स आमने-सामने होंगी, वहीं दूसरी ओर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच रनों की बारिश वाला मुकाबला देखने को मिलेगा. दोनों ही मैचों में रोमांच, दबाव और आक्रामक क्रिकेट का पूरा तड़का देखने को मिलेगा. दिल्ली में होने वाला मुकाबला इस समय की सबसे बड़ी कहानी लेकर आ रहा है. पंजाब किंग्स इस सीजन में अब तक अजेय रही है और उसने लगातार जीत के साथ खुद को सबसे मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर दिया है. कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में टीम का हर विभाग शानदार फॉर्म में है. बल्लेबाजी में प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य लगातार तेज शुरुआत दे रहे हैं, जिससे टीम पावरप्ले में ही मैच का रुख अपने पक्ष में कर लेती है.

> दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है. टीम का प्रदर्शन अब तक अस्थिर रहा है और लगातार हार ने उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में पीछे कर दिया है. ऐसे में पंजाब जैसी मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करना उनके लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं होगा. पथुम निसंका और केएल राहुल से एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर पर मध्यक्रम को संभालने की जिम्मेदारी होगी. कप्तान अक्षर पटेल का ऑलराउंड प्रदर्शन इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकता है. गेंदबाजी में दिल्ली को कुलदीप यादव, मुकेश कुमार और टी नटराजन से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी, क्योंकि पंजाब की आक्रामक बल्लेबाजी को रोकना आसान नहीं होगा. दिल्ली के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि एक और हार उनकी प्लेऑफ उम्मीदों को लगभग खत्म कर सकती है. वहीं दूसरी ओर जयपुर में होने वाला मुकाबला पूरी तरह से आक्रामक क्रिकेट का उदाहरण पेश कर सकता है. सनराइजर्स हैदराबाद इस समय शानदार फॉर्म में है और लगातार तीन जीत के साथ आत्मविश्वास से भरी हुई है. अभिषेक शर्मा इस सीजन में सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनकर उभरे हैं, जिन्होंने 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं.